समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# CJP प्रोटेस्ट पर दिलजीत दोसांझ का दो टूक जवाब- 'मै आर्टिस्ट हूं, नेता नहीं'; बोले- दुनिया मे संबकुछ कभी ठीक नहीं हो सकता

Sanket Morankar
Published on 02 Jul 2026




मशहूर पंजाबी सिंगर और अभिनेता **दिलजीत दोसांझ** ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे **कॉकरोच जनता पार्टी (CJP)** के प्रदर्शन को लेकर पूछे गए सवाल पर अपनी स्पष्ट प्रतिक्रिया दी है। इंस्टाग्राम पर लाइव सेशन के दौरान एक फैन ने जब उनसे इस प्रोटेस्ट पर राय मांगी, तो दिलजीत ने साफ शब्दों में कहा कि वह **एक कलाकार है, 'कोई नेता नहीं**, इसलिए उन्हें ऐसे राजनीतिक या सामाजिक विवादों से दूर ही रखा जाए।

## 'मुझे प्रोटेस्ट से दूर ही रखो'

लाइव सेशन के दौरान जैसे ही एक यूजर ने जंतर-मंतर पर चल रहे CJP प्रोटेस्ट के बारे में सवाल पूछा, दिलजीत पहले हैरान नजर आए। उन्होंने जवाब देते हुए कहा,

> **"जंतर-मंतर पर कहां प्रोटेस्ट चल रहा है? ब्रो, मुझे तो प्रोटेस्ट और इन सब चीज़ों से दूर ही रखो। मै एंक आर्टिस्ट हूं... मै कोंई नेता थोड़ी हूं। पता नहीं आप लोग मुझे क्या समझते हो।"**

उन्होंने आगे कहा कि दुनिया में हर चीज़ कभी पूरी तरह ठीक नहीं हो सकती।

> **"देखो, सबकुछ कभी ठीक नहीं हो सकता। इस दुनिया मे संबकुछ कभी ठीक नहीं हो सकता।"**

## गुरु नानक देव जी की सीख का किया जिक्र

बातचीत के दौरान दिलजीत ने आध्यात्मिक संदेश देते हुए **गुरु नानक देव जी** की वाणी का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा,

> **“नानक दुखिया सब संसार, सो सुखिया जिस नाम आधार।”**

इसके बाद उन्होंने कहा कि जो लोग प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें भी शुभकामनाएं और जिनके लिए प्रदर्शन हो रहा है, उन्हें भी शुभकामनाएं।

> **“जो लोग प्रोटेस्ट कर रहे है, उन्हे भी मुबारकबाद... जिनके लिए कर रहे है, उन्हे भी मुबारकबाद। मुझे तो इस बारे मे पंता ही नहीं है।”**

## सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

दिलजीत का यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वह बेहद सहज अंदाज में कहते नजर आते हैं कि वह राजनीति या आंदोलनों पर टिप्पणी करने की बजाय अपने कला और संगीत पर ध्यान देना पसंद करते हैं।

फैंस भी उनके इस जवाब को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोगों ने उनके संतुलित रवैये की सराहना की, जबकि कुछ यूजर्स ने उनसे सामाजिक मुद्दों पर भी खुलकर बोलने की उम्मीद जताई।

## इन दिनों ऑरा टूर और फिल्मों मे व्यस्त है दिलजीत

दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपने ‘**ऑरा टूर 2026**’ में व्यस्त हैं। इसके अलावा हाल ही में उनकी फिल्म ‘**मै वापस आऊंगा**’ रिलीज हुई, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।

भारत-पाकिस्तान विभाजन की पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म में **वेदांग रैना, शरवरी वाघ और नसीरुद्दीन शाह** भी अहम भूमिकाओं में नजर आए। फिल्म ने रिलीज के दूसरे सप्ताह में भी शानदार प्रदर्शन किया और बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई दर्ज की।

संगीत, अभिनय और अपने लाइव कॉन्सट्र्स के जरिए लगातार चर्चा में रहने वाले दिलजीत ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि वह खुद को केवल **एक कलाकार** मानते हैं और राजनीतिक विवादों से दूरी बनाए रखना ही पसंद करते हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.